एक नजर में

सांदीपनी कन्या उ.मा.विद्यालय में छात्रा परिषद् का गठन

मन्दसौर। सांदीपनी महारानी लक्ष्मीबाई शास. कन्या उ. मा. वि. मंदसौर में प्राचार्य श्री राजेश रत्नावत की उपस्थिति में वर्ष 2026-2027 हेतु छात्रा परिषद का निर्वाचन कर गठन किया गया। सर्वप्रथम प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा कक्षा प्रतिनिधियों का निर्वाचन कराया गया तत्पश्चात सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने छात्रा परिषद का गठन निर्वाचन प्रक्रिया को अपनाते हुए किया। निर्वाचन में जो उम्मीदवार निर्वाचित हुए है उन्हें संस्था के प्राचार्य श्री राजेश रत्नावत ने छात्राओं को निर्वाचन प्रणाली का महत्व बताते हुए वयस्क मताधिकार पर प्रकाश डाला एवं चयनित छात्रा प्रतिनिधियों को बधाई दी एवं उनको विद्यालय की हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। छात्रा परिषद में अध्यक्ष सलोनी पिता दिनेश सोनी, उपाध्यक्ष अंशिका पिता चितरंजन, सचिव मानसी पिता मुकेश, अनुशासन सचिव वर्षा पिता किशन, निया पिता सूरजमल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सचिव फरहीन पिता सलीम, विज्ञान सचिव कुसुम पिता मुकेश, क्रीडा सचिव साधना पिता समर्थ, पर्यावरण सचिव भूमिका पिता विजय, हेमा पिता राकेश निर्वाचित हुई। निर्वाचन प्रक्रिया को संस्था के वरिष्ठ अध्यापक हामिद खान जैदी के मार्गदर्शन में जयंत तारे द्वारा सम्पन्न करवाया गया। निर्वाचन कार्य को संपन्न करवाने में सुरेश चन्द्र बोराना, सुश्री आरती शर्मा, श्रीमती रचना आर्य, श्रीमती दीपश्री राठौर, श्रीमती रेणुका आचार्य, श्रीमती किरण परमार, श्रीमती जया सोनी, लोकेन्द्र शर्मा, मनीष गुप्ता, नत्थूलाल भारती, श्रीमती अलका रत्नावत, सुश्री टीना बाफना, श्रीमती प्रतिभा भटनागर, श्रीमती अर्चना अठवाल आदि सभी स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हामिद खान जैदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के व्याख्याता सुरेश चन्द्र बोराना ने व्यक्त कर सभी निर्वाचितो को बधाई दी।

रामदेवरा जाने वाले यात्रियों के लिए लगाए नि:शुल्क राम रसोड़े का समापन

पिपलियामंडी। बाबा रामदेवरा जाने वाले यात्रियों की सेवा के लिए चौपाटी स्थित विद्युत ग्रिड के समीप द्वारकापुरी कॉलोनी में लगाए गए निशुल्क राम रसोड़े का 19 वे दिन दिन समापन हुआ। राम रसोड़े की शुरुआत 16 अगस्त से की गई थी और तीन रात तक 24 घंटे सेवा जारी रही। राम रसोड़े में रामदेवरा जाने वाले यात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन के साथ ठहरने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई। आयोजन में समिति से जुड़े युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रामदेवरा जाने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं की सेवा की। समापन अवसर पर विनोद मालवीय ठेकेदार, राकेश पालीवाल व जसवंत राठौर ने बताया आयोजन में सेकड़ो युवाओं की भागीदारी रही। बाबा रामदेव समिति पिपलिया मंडी ने सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कॉलेज में 25 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

पिपलियामंडी। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 25 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का विषय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी रखा गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इस क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. रितु शर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण देना उनके कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रकला चौहान ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में अधिकाधिक सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं व्यावसायिक कौशल भी विकसित करना चाहिए, ताकि वे बदलते रोजगार परिदृश्य में उपलब्ध अवसरों का बेहतर लाभ उठा सकें। मध्य प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र, मंदसौर के जिला समन्वयक नीरज सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कौशल विकास, उद्यमिता तथा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्रशिक्षक सुनील जैन ने फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी से जुड़े आवश्यक तकनीकी ज्ञान, कैमरा संचालन, रचनात्मक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक कौशल के बारे में जानकारी दी।

नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर किया हमला, गंभीर घायल

चार पहिया वाहन से आए चार हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीटा, जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर

भानपुरा। नगर में बुधवार शाम एक युवक पर चार नकाबपोश हमलावरों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमलावर चार पहिया वाहन से आए थे और उन्होंने मोटरसाइकिल सवार युवक को गिराकर लाठी-डंडों से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद शासकीय चिकित्सालय भानपुरा से जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार 2 सितंबर की शाम करीब 6 बजे तिजोरी कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय विष्णु पुत्र स्वर्गीय सुभाष उपाध्याय अपने घर से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इस दौरान जनपद कार्यालय एवं बीएसएनएल टावर के समीप चार पहिया वाहन में आए चार नकाबपोश व्यक्तियों ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने विष्णु उपाध्याय पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

घायल विष्णु उपाध्याय ने जिला चिकित्सालय मंदसौर से दूरभाष पर बताया कि हमलावरों ने अचानक रास्ता रोककर उन पर हमला किया। उन्होंने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नामों की जानकारी होने की बात भी कही है। घायल ने अपने पास रखी नकदी एवं सोने की चेन लूटे जाने की आशंका भी व्यक्त की है। हालांकि हमलावरों के नकाबपोश होने के कारण उनकी स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी है और घटना के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल विष्णु उपाध्याय को तत्काल शासकीय चिकित्सालय भानपुरा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर कर दिया गया।

धारदार हथियार के निशान नहीं मिले-शासकीय चिकित्सालय भानपुरा के चिकित्सक डॉ. महेश गायरी ने बताया कि घायल के शरीर पर किसी धारदार हथियार से चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, हालांकि शरीर में अंदरूनी चोटें होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय मंदसौर भेजा गया है।

लेन-देन का विवाद भी जांच के घेरे में

मामले की जांच कर रहे भानपुरा थाना के उपनिरीक्षक बापू सिंह बामनिया ने बताया कि विष्णु उपाध्याय के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रारंभिक जानकारी में मामला रुपये के लेन-देन से जुड़ा होने की संभावना सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है तथा घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

लायंस क्लब द्वारा शिक्षक दिवस पर होगा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान

मन्दसौर। लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा दिनांक 5 सितम्बर को भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा।लायन अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल ने बताया कि लायन्स क्लब का यह प्रमुख कार्यक्रम है, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय नूतन हाईस्कूल सभागार मे शनिवार दिनांक 5 सितम्बर को सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ प्रात: 9 बजे मनाया जावेगा।मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन चेयर पर्सन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने जानकारी दी है कि मन्दसौर तहसील के निम्नानुसार सेवानिवृत शिक्षक सम्मानित होगे। 1 सितम्बर 2025 के पश्चात तथा दिनांक 31 अगस्त 2026 तक शासकीय सेवा से निवृत हुए है उन्हें सम्मान प्राप्त होगा।लायन सचिव मयूर सुराना ने सभी सेवा निवृत शिक्षकों से ससम्मान निवेदन किया है कि कार्यक्रम की गरिमा बढ़ावे। सभी से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करना संभव नही हो पा रहा है अत: हमारे इस आग्रह को स्वीकार कर नूतन हाईस्कूल सभागार मे पधार कर सम्मान प्राप्त करे।जिन शिक्षकों का सम्मान होगा उनमें विष्णु हमरोदिया, प्रेमकुंवर राजपूत, लक्ष्मण हकवाडिया, कमल कुमार वैद्य, अर्जुनसिंह चौहान, मनोहर लाल साद, गणेशराम गोवरी, मोतीलाल पाल, रामलाल राठौर, आलिमा खान, अशोक प्रजापति, सुनिता सक्सेना, ओमप्रकाश बकवाडिया, विजयकुमार रावल, मेवालाल पाटीदार ।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

मंदसौर। जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर पंकज जाट द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं संस्था प्रधान को विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होने शासकीय हाई स्कूल फतेहगढ़, शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़, शासकीय हाई स्कूल आक्या उमाहेड़ा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनार फ्लैग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन?होने निर्देश दिये कि दैनिक छात्र उपस्थित

पंजी का संधारण, विद्यार्थियों के बैठक व्यवस्था, बालक-?बालिकाओं के शौचालय की साफ-सफाई करने के निर्देश दिये।

जिला शिक्षा अधिकारी जाट ने विद्यालयों में समयपालन, अनुशासन, नियमित अध्यापन, स्वच्छता तथा विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में तत्काल सुधार किया जाए तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं।

12 छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाकर निशुल्क बांटे

मंदसौर। जिले के समीपस्थ ग्राम पंचायत अफजलपुर सूर्यनगर में आपका जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 2 पार्षद प्रतिनिधि रघुनाथसिंह चंदेल के द्वारा स्वर्गीय दादाजी पूर्व सरपंच पटेल जुझारसिंह जी चंदेल की स्मृति में 12 छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाकर निशुल्क वितरित किए गए।

पार्षद प्रतिनिधि रघुनाथसिंह चंदेल ने बताया कि स्वर्गीय दादाजी पूर्व सरपंच पटेल जुझारसिंह जी चंदेल की स्मृति में छात्र छात्राओं को निशुल्क जाति प्रमाण पत्र बनवाकर वितरित किये गये है। जाति प्रमाण पत्र बनवाने में शासन द्वारा कुछ राशि तय की गई है वह राशि भी छात्र छात्राओं से नहीं ली गई है उन्हें पूर्णत: निशुल्क जाति प्रमाण

पत्र बनवाकर वितरित किये गये है। इनमें गुंजन पिता स्वर्गीय मांगीलाल डांगी, कृष्णपाल पिता स्व. कारुलाल धनगर, आयुषी पिता स्व. कारूलाल धनगर, शिवानी कुमारी पिता मनोज सुथार, मानकुंवर पिता रमेश मोगिया, योगिता पिता जुझारसिंह दांगी, पवन पिता विनोद धनगर, विकास पिता रमेश धनगर, यशपालसिंह पिता भगवानसिंह चंदेल, महेंद्रपाल सिंह पिता गोविंद सिंह चंदेल, काव्य पिता राहुल दांगी, प्रिंस पिता राहुल दांगी को दिये गये है। मुख्य अतिथि के रूप मे ग्राम पंचायत लदुसा के सरपंच सतीश पाटिल, ग्राम अफजलपुर के वसूली पटेल मानसिंह चंदेल, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष ग्राम अफजलपुर के पटवारी अक्षयदीप चौहान सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद भावसार, सचिव ओमप्रकाश गुर्जर , शुभम राठौड़, पंकज भंडारी छात्राओं के अभिभावक एवं उपस्थित रहे।

सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने 40 वां रक्त दान कर दिया संदेश

पालडी/नाहरगढ। इन्हीं देश भक्ति मानव सेवा कि भवनाओं के साथ मंदसौर जिले के गांव पालड़ी के पूर्व सैनिक और मंदसौर सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर (पालड़ी) ने आज 40 वा रक्तदान करते हुवे बताया कि मेरा रक्त का एक कतरा देश का और देशवासियों का है अहमदाबाद झालावाड़ इंदौर तक पहुंच कर किया कही बार रक्तदान अति दुर्लभ रक्त ग्रुप ओ नेगेटिव होने के चलते बहुत कम मिलता है।

जिससे जहां आवश्यकता लगती है वहां पहुंच जाते है मुकेश गुर्जर के प्रयास से मंदसौर के सभी सैनिक साथ ही समाज के और गांव के युवा भी रक्तदान करते है आज भी उनके साथी पूर्व सैनिक दिलीप पाटीदार द्वारा रक्तदान किया गया।

मंदसौर में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक रक्तदान के साथ अन्य समाजसेवी कार्य भी करते है पूर्व में कोराना कॉल के दौरान भी इनकी सेवाएं महत्वपूर्ण रही।

हमेशा समाज सेवा में सक्रिय एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर (पालड़ी) द्वारा युवाओं एवं समाजहित पर्यावरण संरक्षण में सतत निरंतर कार्य किए जाते है पूर्व सैनिक गुर्जर ने कहा कि रक्तदान से हमे भागना नहीं रक्तदान करना है रक्तदान से आपको नुकसान या कमजोरी नहीं अपितु शरीर में और स्फूर्ति और ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है कई बीमारियों से निजात भी मिलती है।

एक नजर दशपुर योग शिक्षा संस्थान का 20वां स्थापना दिवस साधकों ने हर्षोल्लास से मनाया

संस्था मंदसौर में योग की अलख जगा रही है : राज्यसभा सांसद गुर्जर

मंदसौर। नगर के नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में दशपुर योग शिक्षा संस्थान का 20वां स्थापना दिवस अत्यंत उमंग और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर थे, जबकि विशेष अतिथि पूर्व विधायक सिसौदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने की। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन भी मंचासीन थे।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने

भगवान श्री कृष्ण के योगेश्वर रूप का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को योग का जो उपदेश दिया, वह मानव जीवन को दिशा देने वाला है। श्री कृष्ण योग की सर्वोच्च अवस्था के स्वामी हैं, इसीलिए वे योगीराज कहलाए। उनसे हम प्रेरणा लेकर। यह संस्था मंदसौर में योग की अलख जगा रही है। उन्होंने योग गुरू सुरेन्द्र जैन द्वारा नगरवासियों को निस्वार्थ भाव से स्वस्थ रहने की प्रेरणा देने के प्रयासों की सराहना की।

पूर्व विधायक सिसौदिया ने संस्थान की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य से यह भवन संस्थान को सौंपा गया था, योग गुरू सुरेन्द्र जैन और साधकों ने उसे पूर्णत: सफल बनाया है। संस्थान में आकर एक परिवार जैसा आत्मीय वातावरण महसूस होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन की नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। उन्होंने वर्तमान समय में निजी स्वास्थ्य के चलते युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य व भावनाओं से हो रहे खिलवाड़ पर गहरी चिंता भी जताई।

नीमच

एक नजर में

श्रीकृष्ण भक्ति और लोक-संस्कृति का रंग आज

नीमच। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन-नीमच के सहयोग से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, लोक-आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'श्रीकृष्ण पर्व' के अंतर्गत आज 4 सितम्बर को सायं 7 बजे से नीमच जिले के मनासा और जावद में विशेष सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों और उनकी भक्ति भावना को संगीत, नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। द्वारकाधीश मंदिर के सामने, गांधी चौक, मनासा में सायं 7 बजे से श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें सुश्री दीपिका सिंह एवं साथी, इंदौर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और जीवन प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से साकार करेंगे। इसके साथ सुश्री प्रतिमा गोस्वामी एवं साथी, भोपाल द्वारा भक्तिमय गायन की प्रस्तुति होगी। श्री सांवलिया जी मंदिर, रामलीला मैदान, खोर दरवाजा, जावद में 4 सितम?ह?र, 2026 को सायं 7 बजे से लोक गायन और भक्ति गायन की स्वरमयी प्रस्तुतियां होंगी। सुश्री पूर्णिमा चतुर्वेदी एवं साथी, भोपाल लोक गायन एवं सुश्री नम्रता कुशवाह एवं साथी, भोपाल भक्ति गायन के माध्यम से श्रीकृष्ण की भक्ति और लोक परंपरा को स्वर देंगी। 'श्रीकृष्ण पर्व' के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध कृष्ण परंपरा, लोक-स्मृतियों और कला अभिव्यक्तियों को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

जन्माष्टमी महोत्सव पर भजन संध्या आज

नीमच। मनासा रोड़ स्थित तिरूपति कालोनी के मकान नं. डी-39, पर आज शुक्रवार 04 सितम्बर 2026 को रात्री 8.30 बजे से राजेश शर्मा एण्ड पार्टी और श्री रामदुत रामायण मण्डल की जन्माष्टमी महोत्सव पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से प्रख्यात सुप्रसिद्ध भजन गायक राजेश शर्मा और प्रसिद्ध गायिका सिंगोली की अन्नु भारती एवं हरदेव साल्वी अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही मण्डल के अन्य साथी कलाकार भी अपने भजन प्रस्तुत करेंगे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

नीमच। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, रामपुरा जिला नीमच में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री चयन परीक्षा 2027 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय के प्राचार्य नन्द किशोर पवार द्वारा जारी सूचना के अनुसार कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नीमच जिले के किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8वीं या 10वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। अभ्यर्थी संबंधित ऑनलाइन माध्यम से नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने जिले के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन कर सकते है।

मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी बी.एल. दांगी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 2 सितंबर 2026 को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने वृत्त मनासा के अंतर्गत ग्राम पिपलिया रूड़ी, बरड़िया, सुवासरा बुजुर्ग, भदाना एवं मझीरिया सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 1220 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 28 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई।

अवैध मदिरा से संबंधित मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत 6

प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 29 हजार रुपये है।

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. सिंगाड़ा, आबकारी उपनिरीक्षक श्री पंकज राठौर, श्री संजय कंवारे, श्री दीपक आंजना एवं श्री संजय राठौर सहित आबकारी मुख्य आरक्षक श्री गोपाल शर्मा तथा आबकारी आरक्षक श्री विष्णु यादव, श्री महेश गहलोत, श्री विलास डगिया, श्री बलवंत भाटी, श्री हंसराज बिलवाल, सुश्री निशा राजपूत एवं सुश्री मधुमिता मालवीय शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

6 सितम्बर को होगी 'भारत को जानो' शाखा स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

नीमच। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा नीमच द्वारा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, भूगोल एवं वैज्ञानिक चेतना से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित 'भारत को जानो' प्रकल्प के द्वितीय चरण की शाखा स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 6 सितम्बर, रविवार को प्रात: 9:30 बजे रोटरी सामुदायिक भवन, गोमाबाई नेत्रालय मार्ग, नीमच में आयोजित होगी। शाखा अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल एवं मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी ने बताया कि प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में नगर के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 2300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रत्येक विद्यालय से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो-दो विद्यार्थियों का चयन शाखा स्तरीय क्विज के लिए किया गया है। प्रकल्प संयोजक सुनील जाधव एवं सह संयोजक सुशील गट्टानी ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में दोनों वर्गों की विजेता टीमें आगामी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में नीमच शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन प्रकल्प के अंतर्गत प्रतियोगिता में सहभागी 10 विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के परिजन, विद्यालयों के शिक्षक एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य वाहन रैली, गूंजेंगे कान्हा के भजन

नीमच। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ग्वालटोली स्थित श्रीकृष्ण मंदिर से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली में सैकड़ों की संख्या में दोपहिया सहित अन्य वाहन शामिल होंगे। बड़ी संख्या में युवा दोपहिया वाहनों के साथ रैली में सहभागिता करेंगे, जबकि समाज के वरिष्ठजनों के लिए अलग से खुली जीप की व्यवस्था रहेगी। रैली में डीजे वाहनों के साथ श्रीकृष्ण भजनों की गूंज भी सुनाई देगी।

ग्वाला समाज नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह वाहन रैली श्रीकृष्ण भक्ति, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और युवा शक्ति का संदेश देगी। डीजे एवं भजनों के साथ निकलने वाली रैली से शहर का वातावरण कृष्ण भक्ति और उत्साह से सराबोर रहेगा।

रैली ग्वालटोली स्थित श्रीकृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर इंद्रा नगर, भगवानपुरा चौराहा, पिपली चौक, सांवरिया सेठ मंदिर, बारादरी, घंटाघर, खाटू श्याम मंदिर, छावनी, बघाना, चौकन्ना बालाजी, लायंस पार्क चौराहा, कमल चौक एवं गायत्री मंदिर रोड होते हुए पुन: श्रीकृष्ण मंदिर ग्वालटोली पहुंचेगी। नवयुवक मंडल ने समाजबंधुओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

एक नजर फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन

सीआरपीएफ नीमच में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का समापन

नीमच। ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच परिसर में मध्यप्रदेश सेक्टर, सीआरपीएफ भोपाल के अधीनस्थ प्रशासनिक एवं परिचालनिक बटालियनों एवं कार्यालयों के बीच आयोजित तीन दिवसीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 सितंबर को हुआ था। प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में ग्रुप केंद्र नीमच, भोपाल एवं ग्वालियर, 01, 07, 41, 102, 123 एवं 148 बटालियन, 107 द्रुत कार्य बल तथा 4 सिग्नल बटालियन के जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य बल के कार्मिकों में शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक दृढ़ता, सहनशक्ति एवं आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था।

क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रथम स्थान उप निरीक्षक अंकित, 01 बटालियन ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सिपाही/जीडी सुनीत कुमार राजपूत, 41 बटालियन तथा तृतीय स्थान सिपाही/जीडी शिवम यादव, 41 बटालियन ने हासिल किया। टीम स्पर्धा में 41 बटालियन ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान, जबकि 01 बटालियन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में श्री सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच के मार्गदर्शन में डॉ. संसृति शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त अस्पताल नीमच ने विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।